## सार-समाचार

### भाजपाइयों ने आतिशबाजी की

**फलोदी**, (निसं)। क्षेत्रीय विधायक मास्टर पब्बाराम,भाजपा वरिष्ठ नेता ओम बोहरा, स्वामी बाल कृष्ण जांबा,एडवोकेट महिपाल कोठारी ,श्याम काछबानी, शहर अध्यक्ष शिवकुमार पंचारिया, भाजपा युवा नेता मेघराज कल्ला, जे पी जोशी,शिवकुमार व्यास, दिलीप रंगा,हरिभाई, चतुर्भुज सोनी, बाप में ओबीसी जिला अध्यक्ष मुरली धर तंवर, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन भैया,अशोक चांडक,मनीष तंवर,दिनेश खोखा ,दामोदर मेहता, महेंद्र खत्री, घनश्याम मेहता,अर्जुन नाथ कालबेलिया, मांगीलाल पालीवाल,करण नाथ, एडवोकेट मदन शर्मा, सुरेश खत्री, विजय कुमावत,राजू तंवर,भवर कुमावत, पुख नाथ,सुखराम, जुगताराम, लूण करण शर्मा, गोपाल चांडक, माधुराम मेगवाल,जसराज राठी,दिलीप भाटी,सत्यनारायण राठी,मांगीलाल तंवर , मदन माली,वाशु,की उपस्थिति में मुख्य बाजार में झाल मुडी खाकर बंगाल, आसाम, पुडुचेरी,के जीत का जश्न मनाया। फलोदी कार्यालय में नाचते कूदते कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक था। एक दूसरे को बंगाल को भगवा करने की बधाई दी। मुंह मीठा कर खुशी बांटी।बाप मुख्य बाजार में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। झालमुडी रही आकर्षण, मुख्य बाजार में भाजपा झंडे लगे स्टॉल पर तीखी मिर्च की 25 किलो झाल मुडी सभी राहगीरों को खिलाई गई।

### मनोहर राणा ओमकार सिद्ध पीठ पहुंचे

**जालोर**, (कासं)। पाली जिले के जाडन स्थित ओमकार सिद्ध पीठ आश्रम में मंगलवार को भाजपा नेता मनोहर राणा ने दर्शन कर संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। मनोहर राणा ने स्वामी महेश्वर नंद के शिष्य फुल गिरी महाराज राजेन्द्र पुरी को भारत माता की तस्वीर एवं माला पहनाकर उनके चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। आशीर्वाद के पश्चात संतों ने राणा की कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान मनोहर राणा ने जालोर जिले सहित प्रदेशवासियों के लिए अमन-चैन, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संत समाज का परचम सदैव ऊंचा रहे और संतों का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। साथ ही राणा ने विश्वगुरु स्वामी महेश्वर नंद जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना भी की। आश्रम परिसर में आयोजित सामूहिक प्रार्थना में भी राणा ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उपस्थित संतों एवं श्रद्धालुओं ने मनोहर राणा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। समाजसेवी भाजपा नेता मनोहर राणा जयपुर दौरे के दौरान जाडन स्थित ओमकार सिद्ध पीठ आश्रम में दर्शन किए बिना आगे की यात्रा नहीं करते। उनके करीबी बताते हैं कि स्वामी महेश्वर नंद जी के प्रति मनोहर राणा की अटूट श्रद्धा और आस्था है, जिसके चलते वे नियमित रूप से आश्रम में दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### गर्ग, गावंडे ने ऑनलाइन की स्वगणना

**जालोर**, (कासं)। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में सांख्यिकी विभाग द्वारा शुरू किए गए जनगणना कार्यक्रम-2027 के अंतर्गत मंगलवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर राजेश मेवाड़ा ने आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भरते हुए आवश्यक जानकारी दर्ज कर फॉर्म सबमिट किया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जनगणना 2027 डिजिटल और विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस महाअभियान से प्रत्येक नागरिक जुड़े एवं राष्ट्र निर्माण के इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग देकर इसे सफल बनाए। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आम जन से जनगणना के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्व-गणना के माध्यम से सटीक और पूर्ण जानकारी प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा जनगणना वेब पोर्टल को सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है, जिससे नागरिक बिना किसी कठिनाई के अपना विवरण भर सकेंगे। इस अवसर पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जालोर के उप निदेशक किशनसिंह, अति. जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाशचन्द दवे, सांख्यिकी निरीक्षक दिनेश सिंह राजपुरोहित, नगर परिषद जालोर के सहायक नगर नियोजक बलवीर सिंह उपस्थित रहे।

### सेन चेरिटेबल ट्रस्ट का समारोह हुआ

**भीनमाल**,(निसं)। सेन समाज चेरिटेबल ट्रस्ट अहमदाबाद का 23 वां वर्षगांठ समारोह सुंधा पर्वत स्थित सेन समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया। यह समारोह श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भबूतमल सैन ने की समारोह का शुभारंभ दीप जलाकर किया। इसके बाद अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। अध्यक्ष भबूतमल सैन ने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता, शिक्षा के महत्व और सामाजिक विकास के लिए संगङ्गित प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की और समाज के युवाओं से आगे आकर जिम्मेदारी निभाने का आव्हान किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य कन्हैयालाल कृष्णगंज,रमेश कुमार दांतलावास, अर्जुन भाई तवाव, प्रदीपभाई सुमेरपुर,राजुभाई निंबज,हरीश कुमार भरूडी सहित कई व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने समाजहित में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में सलाहकार समिति के सदस्य और वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे। इनमें फूलाराम सोलंकी, देवाराम पोसालिया, मांगीलाल सेवडी, छोगाराम नरसाणा, कन्हैयालाल मोहब्बतनगर, प्रहलाद भाई वेडिया, बाबूलाल दांतलावास, दिनेश राठौड मालवाडा, मोहनलाल वागसीन, जयंतीलाल दांतलावास मौजूद रहे।

### विहिप समरसता विभाग की बैठक हुई

**फलोदी**, (निसं)।विश्व हिंदू परिषद के समरसता विभाग फलोदी की बैठक का आयोजन विहिप कार्यालय में जिलाध्यक्ष जय प्रकाश गुचिया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रान्त समरसता प्रमुख पवन वैष्णव ने बताया कि आगामी 18 मई को अखिल भारतीय समरसता प्रमुख देव जी रावत का फलोदी प्रवास रहेगा। जिसमें समरसता संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम की रचना तैयार कर स्थानीय दायित्व वान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी आवंटित की गई। कार्यक्रम सांय 5 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रान्त सह समरसता प्रमुख जयंत सांखला ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया। जिला संगठन मंत्री खरता राम चौधरी ने फलोदी जिले के समस्त प्रखंड से उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं समरसता के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावो को सम्मानित कर कार्यक्रम को भव्य बनाने का आ ान किया।बैठक में जिला समरसता प्रमुख अशोक शर्मा भाणा, जिला उपाध्यक्ष बृज मोहन, लीला धर भार्गव, प्रखंड अध्यक्ष भंवर लाल व्यास टीलू, गोपाल कृष्ण सोनी, अशोक व्यास, ओमकार जसमतिया आदि ने भाग लिया।

### सार्वजनिक लाइब्रेरी में सहयोग

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट ग्राम पंचायत भटाणा में ग्राम पंचायत के प्रशासक भवानी सिंह देवडा की सार्वजनिक लाइब्रेरी की स्थापना अब क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रही है। ग्राम पंचायत के प्रशासक भवानी सिंह देवडा के द्वारा जिला परिषद मध्य से जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित से सार्वजनिक लाइब्रेरी का निर्माण करवाया गया एवं लाइब्रेरी में फर्नीचर ग्राम पंचायत के द्वारा लगवाया गया। बच्चों की पढने में रुचि को देखते हुए गांव के भामाशाह एवं प्रवासी निवेदन पर सार्वजनिक लाइब्रेरी का भामाशाह परेश भाई जैन, जीवा भाई चौधरी , विपुल भाई जैन, नरपत सिंह राठौड, रमेश भाई पुरोहित ,सवा भाई चौधरी, भिखू भाई कोदला,दिनेश भाई पुरोहित, वि ांत भाई पुरोहित, जयेश भाई जैन, मालाभाई चौधरी ने लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। लाइब्रेरी में विद्यार्थियों की पढाई देख एवं ग्राम पंचायत भटाना के प्रशासक भवानी सिंह भटाना के निवेदन पर भामाशाह जीवाराम चौधरी द्वारा सार्वजिक लाइब्रेरी में विकास कार्य घोषणा की । ग्राम पंचायत भटाना प्रशासक भवानी सिंह देवडा एवं ग्राम वासियों ने भामाशाह जीवाराम चौधरी का आभार व्यक्त किया।

### साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिले में रेवदर के निकट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भटाणा में बालिकाओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। साइकिल वितरण कार्यक्रम ग्राम पंचायत के प्रशासक भवानी सिंह देवडा के मुख्य आतिथ्य, कमल गुर्जर की अध्यक्षता एवं करणी सेना के गुजरात प्रदेश उपाध्यक्ष नरपत सिंह राठौड, भामसाह परेश भाई जैन, जीवा भाई चौधरी, देवेंद्र पुरोहित विकाश मंच रमेश भाई पुरोहित ,सवा भाई चौधरी, भिखू भाई कोदला, गणेश पुरोहित, अर्जुन सिंह, परबत सिंह , हंसा राम भील के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रशासक देवडा ने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित होगा तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर राजेश मीणा ,फतह सिंह , पन्ना लाल समेत कई जने उपस्थित रहे।

# फ्लैगशिप योजनाओं के कार्यों में प्रगति लाएं : चिन्मयी गोपाल

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। कलैक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेंस हॉल में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला कलक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के साथ फ्लैगशिप योजनाओं में अधिक प्रगति लाने और बिजली और पानी की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

इस बैठक में जिला कलैक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों के संबंध में सख्त निर्देश दिए कि परिवादी की नियमान्तर्गत मिलने वाली राहत तुरंत प्रदान की जाए और उसे इस सम्बंध में अवगत भी कराया जाए। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य किसी शिकायत का केवल निस्तारण ही नहीं है बल्कि उसका सकारात्मक और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण लक्ष्य होना चाहिए। उन्हें लंबे समय से पेंडिंग परिवादों की विभागवार समीक्षा की और उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जिले में पेयजल आपूर्ति की स्थिति के बारे में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्मियों का मौसम है हमारा लक्ष्य हर घर तक जल पहुंचाना है। उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों को टैंकर आपूर्ति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों को यह पता होना चाहिए कि विभाग की ओर से कितने टैंकर कहां भिजवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टैंकर आपूर्ति का फील्ड अधिकारियों से सत्यापन भी करवाया जाएगा। जिला कलक्टर ने बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि घरेलू विद्युत कनेक्शन हर हाल में समय सीमा में जारी हो जाने चाहिए।

जिला कलैक्टर ने खनन अभियंता को निर्देश दिए कि अवैध खनन से जुड़ी शिकायतों का सत्यापन करवाकर तुरंत कार्यवाही की जाए। इसके लिए उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से अवैध खनन की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा, उसके बाद उन स्थानों को चिन्हित करके सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान किसी भी स्थिति में नहीं होने दिया जाएगा।

जिला कलैक्टर ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को लाडो योजना सहित अन्य योजनाओं में अधिक काम करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने डिस्कॉम को कुसुम योजना कम्पोनेंट ए और सी में लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बजट घोषणाओं के अन्तर्गत होने कार्यों की भी समीक्षा की।

इस बैठक में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन, निर्गमन व भंडारण की रोकथाम के लिए अभियान चलाया

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर एवं जिला पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड के निर्देशन में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं खान विभाग ने संयुक्त रूप से अवैध खनन, निर्गमन व भंडारण की रोकथाम बाबत् दो दिवसीय सघन अभियान चलाकर सात एफआईआर दर्ज कर दस वाहन जब्त किए हैं।

3 मई को सूचना के आधार पर तहसील रेवदर के ग्राम निम्बोडा में उपखण्ड अधिकारी रेवदर, पुलिस थाना रेवदर मय जाब्ता खान विभाग के तकनीकी कर्मचारी की संयुक्त टीम ने 1345 मैट्रिक टन अवैध बजरी स्टॉक जब्त कर एफआईआर दर्ज की। इसी म मे पुलिस थाना पिण्डवाडा ने मूर्रम, ग्रेवल व मैसनरीस्टोन का अवैध खनन एवं परिवहन करते हुए पाये जाने पर 1 ट्रेक्टर-लोडर व 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस थाना मण्डार ने भी बजरी का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर 1 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर कर एफआईआर दर्ज करवाई गई।

4 मई को सूचना के आधार पर ग्राम पामेरा में पुलिस थाना अनादरा मय जाब्ता व खान विभाग की तकनीकी कर्मचारी ने 100 मैट्रिक टन अवैध बजरी स्टॉक, 1 लोडर व 1 डम्पर जब्त कर एफआईआर दर्ज की। इसी क्रम में पुलिस थाना बरलूट ने बजरी व मैसनरीस्टोन के अवैध निर्गमन में प्रयुक्त 2 ट्रैक्टर ट्रॉली डिटेन कर खनिज विभाग को सूचना दी जिसमे खान विभाग के द्वारा अग्रिम कार्यवाही कर उक्त वाहनों को जब्त कर कुल 0.27 लाख का जूर्माना वसूला गया।

इसी क्रम में पुलिस थाना कालन्द्री ने भी बजरी का अवैध परिवहन करते हुए 1 ट्रैक्टर ट्रॉली पाये जाने पर एफआईआर दर्ज करवाई गई जिसमे खान विभाग द्वारा 1.27 लाख की जूर्माना वसूली की गई।

कलैक्टर के निर्देशानुसार दो दिनों मे सिरोही जिले में निरन्तर कार्यवाहियां की जा रही है जिसमें अवैध खनन का 1 प्रकरण अवैध निर्गमन के 6 प्रकरण अवैध भण्डारण के 2 प्रकरण कुल 9 बनाये जाकर 2.54 लाख की वसूली कर 7 एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

खनिज अभियंता चन्दन कुमार ने बताया कि जिले में अवैध खनन/ निर्गमन/ भण्डारण पर पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग लेकर संवेदनशील क्षेत्रों में आकस्मिक की जायेगी।

# पुलिस को परिणामोन्मुख कार्रवाई करनी होगी : रमेश

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बालोतरा जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रमेश (आईपीएस) की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निस्तारण, जन-सुरक्षा एवं पुलिस कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस टीमों को परिणामोन्मुख कार्रवाई करनी होगी।

बैठक में लंबित मामलों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र निपटाने, संगठित एवं आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए ऑपरेशन विषभंजन और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन विषदमन को तेज करने के निर्देश दिए गए।

गंभीर अपराधों जैसे पोक्सो एक्ट व दुष्कर्म मामलों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने, वहीं साइबर अपराधों में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने पर भी बल दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने अवैध खनन, लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत अधिकाधिक कार्रवाई, ईनामी व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान को तेज करने तथा सक्रिय अपराधियों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों की सख्त पालना करवाने को कहा।

सम्पत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए ऑपरेशन अश्ववेग के तहत ठोस रणनीति अपनाने, रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बीट व्यवस्था को सक्रिय रखने तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा मालखानों में जब्त संपत्ति के शीघ्र निस्तारण, डिजिटल रिकॉर्ड संधारण, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगरप्रिंट व लाइव स्कैन अनिवार्य करने और थानों में आने वाले परिवादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह, वृताधिकारी सिवाना देरावर सिंह, वृताधिकारी बालोतरा अनिल पुरोहित, वृताधिकारी गुड़ामालानी सुखाराम सहित जिले के सभी थानाधिकारी मौजूद रहे।

## शीतल जल की व्यवस्था की

**जालोर** , (कासं)। महावीर इंटरनेशनल ग्रेनाइट सिटी जालोर की ओर से भीनमाल रोड स्थित राजकीय मातृ शिशु अस्पताल जालोर में भंयकर गर्मी को देखते हुए शीतल जल हेतु अस्थाई प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वेद प्रकाश मीणा ने लौटे से पानी पिला कर शुभारम्भ किया। नगरपरिषद जालोर के पूर्व उपसभापति अम्बा लाल व्यास गवर्निंग कॉन्सिल सदस्य पी एल सोनगरा जॉन चेयरमेंन शम्भू सिंह मंडलावत एमआईएफ समेला राम सोलंकी दिनेश बाघेला, चिकित्सक नर्सिंगकर्मी, सदस्य उपस्थित थे। महावीर इंटरनेशनल ग्रेनाइट सिटी के सचिव छगन लोहार ने बताया कि छह कैम्पर की इकाई स्थापित की है। जिसमें दो बार प्रतिदिन पानी भरवाया जाएगा। जोन चेयरमैन शंभु सिंह मंडलावत ने कृषि में ड्रोन आधारित सेवा परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि महावीर इंटरनेशनल एपेक्स को दुबई से सात ड्रोन प्राप्त हुए है, जिनके माध्यम से किसानों के लिए एक नई तकनीक सेवा जल्दी ही प्रारम्भ की जाएगी।

# 18.74 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा है जालोर रेलवे स्टेशन

**जोधपुर/जालोर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जालोर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। लगभग 18.74 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह स्टेशन यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्टेशन परिसर को स्थानीय संस्कृति की झलक देते हुए हेरिटेज लुक प्रदान किया जा रहा है। साथ ही यात्रियों को बारिश और धूप से बढ़ाने के लिए आधुनिक शेड, प्रवेश एवं निकास के अलग-अलग द्वार और पर्याप्त पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। नए स्टेशन भवन में प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, प्रतीक्षा कक्ष, वीआईपी कक्ष, डॉर्मिटरी तथा रिटायरिंग रूम में पेंटिंग एवं फिनिशिंग तथा स्टेशन भवन तथा प्रवेश द्वार पर पत्थर एलिवेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। सभी अटैच टॉयलेट में सेनेटरी फिटिंग्स लगाने का कार्य जारी तथा शौचालय ब्लॉक में सैनिटरी फिटिंग्स और जल कक्ष का निर्माण प्रगति पर। इसके साथ ही विद्युत पैनल कक्ष की चिनाई पूर्ण, सर्कुलेटिंग एरिया में पत्थर कॉपिंग एवं पेंटिंग का कार्य जारी, पुराने भवन पर स्टोन एलिवेशन का कार्य जारी।

**यात्रियों को मिलेगी नई सुविधाएं**

रेलवे स्टेशन में आधुनिक प्रतीक्षालय, सुसज्जित वीआईपी कक्ष एवं उत्तम बैठने की व्यवस्था, अलग से शौचालय एवं दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय और रैंप, 12 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पुल (एफओबी), प्लेटफार्म पर नये आश्रय (शेल्टर), पानी बूथ और शौचालय ब्लॉक के साथ बेहतर संकेत चिन्ह, कोच डिस्प्ले बोर्ड, स्मारकीय झंडे और आकर्षक फर्नीचर की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

इस कायाकल्प के बाद जालोर रेलवे स्टेशन यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त अनुभव प्रदान करेगा। साथ ही स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाते हुए यह स्टेशन क्षेत्रीय विकास और पर्यटन को भी नई दिशा देगा।

## पुलिसवाला बनकर महिला से ठगे 7 लाख

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में पुलिसवाला बनकर महिला के बेटे को कॉन्स्टेबल और बेटी को सरकारी टीचर बनाने का झांसा देकर ठगी कर ली। आरोपी ने अलग-अलग किश्तों में 7 लाख रुपए ले लिए। भरोसा दिलाने के लिए पुलिस की ड्रेस, जूते और अन्य सामान भी दिलवाए। दो महीने बाद महिला ने 2 मई को सुमेरपुर थाने में मामला दर्ज कराया है।

सुमेरपुर थाना सवाई सिंह ने बताया - कोलीवाड़ा की रहने वाली कमला (48) पत्नी प्रकाश कुमार ने रिपोर्ट दी है। महिला ग्राम पंचायत कोलीवाड़ा में आंगनबाड़ी में साथिन के पद पर पोस्टेड है। काम से सुमेरपुर कार्यालय आना-जाना रहता है।

इसी दौरान करीब चार महीने पहले उनकी मुलाकात पोमावा निवासी खेताराम (34) उर्फ विक्रम पुत्र लादारामजी से हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने खुद को पुलिस विभाग में कर्मचारी बताते हुए सुमेरपुर में ही तैनात होने की बात कही।

## बाल विवाह निरस्त किया

**जोधपुर**, (कासं)। महज नौ साल की उम्र में बाल विवाह की बेड़ियों में जकड़ने के बाद करीब एक दशक तक सितम झेलने के बाद बालिका वधु ने आखिरकार बाल विवाह मुक्ति की जंग जीत ली।

सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती के संबल से बाल विवाह निरस्त हो गया। जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या-2 के न्यायाधीश वरुण तलवार ने बाल विवाह के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए बाल विवाह निरस्त का ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट के फैसले के बाद युवती और उसके परिवार की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

वर्तमान में करीब 20 वर्षीय युवती का बाल विवाह समाज के दबाव में वर्ष 2015 में जिले के एक ग्रामीण इलाके में हुआ था। उस समय उसकी उम्र करीब 9 साल थी। युवती ने बड़ी होने पर बाल विवाह के बंधन को नकार दिया। इस बीच में सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी और चाइल्ड एंड वूमेन राइट्स एडवोकेट डॉ. कृति भारती की बाल विवाह निरस्तीकरण मुहिम की जानकारी मिली। करीब सवा साल पहले डॉ. कृति की मदद से युवती ने पारिवारिक न्यायालय संख्या-2 में बाल विवाह निरस्तीकरण के लिए वाद दायर किया। न्यायालय की सुनवाई के दौरान मामला उस समय नाटकीय मोड़ पर पहुंच गया, जब युवती के तथाकथित पति ने बाल विवाह होने से ही इंकार कर दिया।

ऐसे में सारथी ट्रस्ट की डॉ. कृति भारती ने पैरवी करते हुए बाल विवाह से जुड़े कई दस्तावेजी साक्ष्य और पुख्ता सबूत जुटाकर न्यायालय में पेश किए। साथ ही आयु और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रमाण सहित रखा, जिससे पूरा सच अदालत के सामने उजागर हो गया। पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश वरुण तलवार ने प्रस्तुत साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए और लड़के के बार-बार बदलते बयानों को भ्रामक करार देते हुए बाल विवाह को निरस्त करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज की मानसिकता में बदलाव जरूरी है।

बाल विवाह से मुक्त युवती का कहना है कि बाल विवाह की बेड़ियां मुझे कभी मंजूर नहीं थी। डॉ. कृति दीदी की मदद से मैंने हिम्मत जुटाई और आज मैं आजाद हूं। अब अपना भविष्य संवारूंगी।

डॉ. कृति भारती, पुनर्वास मनोवैज्ञानिक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी, सारथी ट्रस्टने जानकारी देते हुए बताया कि यह सही मायने में सच्चाई की जीत है। हर शिक्षित को बाल विवाह को विरोध करना चाहिए।

## समदड़ी क्षेत्र में तेज हवा व ओलावृष्टि

**समदड़ी**, (नि.सं.)। समदड़ी क्षेत्र में मंगलवार को अचानक मौसम ने करवट लेते हुए तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया। दोपहर बाद आए इस बदलाव ने आमजन को चौंका दिया और कुछ ही समय में मौसम पूरी तरह बदल गया।

तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। वहीं ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार, पहले तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जो कुछ ही देर में ओलावृष्टि में बदल गई। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया और जनजीवन कुछ समय के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। अचानक बदलाव से भीषण गर्मी से परेशान लोगों को राहत जरूर मिली।

## स्कूल की वैन पलटी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिले के बिलाड़ा क्षेत्र में मंगलवार सुबह चोपड़ा फीडर नहर के पास आदर्श विद्या मंदिर सैकंडरी स्कूल की एक वैन जेतिवास रोड पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

गनीमत रही कि वैन नहर के पास गहरे गड्ढे में नहीं गिरी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के समय वैन में 10-12 स्कूली बच्चे सवार थे, जो सुरक्षित हैं। हालांकि, इनमें से 5-6 बच्चों को मामूली चोटें आईं।

## छत्तीसगढ़ से इनामी पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। कुलदीप विश्नोई हत्या प्रकरण में डीएसटी फलोदी ने पांच हजार के इनामी बदमाश मुकेश को रायपुर छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है फलोदी एसपी सतनाम सिंह ने बताया कि डीएसटी फलोदी को मिली सूचना के अनुसार पांच हजार के इनामी अपराधी मोटाई निवासी मुकेश कुमार भादू की उपस्थिति रायपुर छत्तीसगढ़ में ज्ञात हुआ।

# सांसद लुम्बाराम निंबावास की चौपाल में शामिल हुए

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में चल रहे ग्राम रथ अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत निंबावास में सांसद लुंबाराम चौधरी, भीनमाल के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी, जसराज पुरोहित व भीनमाल उपखंड अधिकारी मोहित कासनिया, तहसीलदार भीखदान चारण की उपस्थिति में विकास रथ यात्रा के दौरान रात्रि संध्या का आयोजन किया गया।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान भीनमाल उपखंड के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वही ग्राम रथ अभियान के तहत मंगलवार को अगवरी ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य .षकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों तक राज्य सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने ग्रामीणों एवं आमजन से संवाद कर राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार के 13 विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ प्रचार-प्रसार सामग्री एवं साहित्य का भी वितरण किया जा रहा है। इस अभियान में जिले के पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में ग्राम रथ की एलईडी स्क्रीन पर किसानों को खेती बाडी की आधुनिक तकनीकों और उन्नत .षि पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जा रही है और संध्या चौपाल एवं कला जत्था के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

ग्रामीणों के सुझावों के लिए रथों पर सुझाव पेटिका रखी गई है। जिनके जरिए प्राप्त सुझावों का विश्लेषण कर भविष्य में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को और अधिक जनोपयोगी और पारदर्शी बनाया जाएगा।

वही मंगलवार को सामतीपुरा, लेटा, नारणावास, भागली सिंधलान, रेवत, अगवरी, गुडा बालोतान, दयालपुरा, भागलभीम, नोरवा, पुनासा, दांतीवास, फागोतरा, रानीवाड़ा कलां, जालेराखुर्द, दहीपुर, मैत्रीवाड़ा, गांग, भीमगुड़ा, टांपी, दूठवा, सेसावा व डूंगरी में ग्राम रथों से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश प्रसारित कर जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। योजनाओं को रोचक बनाने के लिए लोक कलाकारों द्वारा शाम के समय गांवों में 'संध्या चौपाल' में कला जत्था के माध्यम से योजनाओं को गीतों और नाटकों के जरिए प्रभावी ढंग से समझाया गया। ग्राम रथ को देखने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड पड़ा।

## पक्षियों के लिए लगाये परिंडे

**जालोर**, (कासं)। जालोर के सुंदेलाव तालाब स्थित आर्य वीर हनुमान व्यायाम शाला परिसर में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियो की प्यास बुझाने के लिए सोमवार शाम को आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य की मौजूदगी में 11 परिंडे लगाए गये।

आर्य वीर दल द्वारा इस भीषण गर्मी में मूक पक्षियों की हलक त करने के लिए परिंडे लगाए गए तथा परिंडे लगाकर उनको प्रतिदिन देखभाल का भी संकल्प लिया गया। उच्च तापमान में पक्षियों को पानी नहीं मिलने से उनकी जान तक चली जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पेडों पर मिट्टी के परिंडे लगाए जा रहे हैं। परिंडा लगाओ पक्षी बचाओ अभियान के तहत यह कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक कानदास वैष्णव और सीनियर नर्सिंग आफिसर शाहजद खान पूरी सेवा भाव से कार्य कर रहे है। इस अवसर पर आर्य ने कहा कि पक्षियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने पर परमात्मा सारे मनोरथ पूर्ण करता है। पक्षियों के लिए परिंडे लगाना एक पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर आर्य वीर दल राजस्थान के संचालक विनोद कुमार आर्य, शाखा नायक कन्हैया लाल शर्मा,कान दास वैष्णव हितेश कुमार, किशोर कुमार सहित आर्यवीर छात्र-छात्राएं आदि मौजूद थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुरिया पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक / ग्राप / मनरेगा/2026-27/10 दिनांक : 24.4.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत रायपुरिया के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना/वीबी जी रामजी योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो / संवेदकों/ आपूर्तिकताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

NIB No.- ZJR2627A0124 UBN No.- ZJR2627GLOB00150

सरपंच, ग्राम पंचायत रायपुरिया, पं.स.जालोर (राज.)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रायपुरिया, पं.स.जालोर (राज.)

**कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) जि.प. जालोर**

Email ID JDAGRZP.JALORE.AGRI@RAJASTHAN.GOV.IN PHONE NO 02973-222242

क्रमांक : एफ () / संयुनिकृ/निविदा/2026-26/642 दिनांक : 4/5/2026

**खुली निविदा सूचना**

कृषि विभाग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 के संभावित लक्ष्यानुसार जिले में विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर व कार्यालय द्वारा दिये गये कार्यक्रम स्थलों पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अल्पाहार भोजन, स्टेशनरी, लेदर बैग एवं प्रिंटिंग आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूतिकर्ता/फर्म/विक्रेता अपनी निविदा निम्नानुसार दिनांक व समय पर कार्यालय समय में निर्धारित निविदा प्रपत्र प्राप्त कर बंद लिफाफों में प्रस्तुत करे।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम दिनांक व समय | 11.05.2026 11 AM |
| निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | 11.05.2026 02 PM |
| निविदा खोलने की दिनांक व. समय | 12.05.2026 11 AM |

| क्र. सं | नाम सामग्री | अनुमानित मूल्य रू | बोली प्रपत्र शुल्क रू | प्रतिभूति राशि रू (केवल डीडी स्वीकार्य) | NIB CODE | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पाहार | 995000/- | 500/- | 19900/- | AGR2627A0054 | AGR2627 SSOB00062 |
| 2 | प्रिंटींग | 995000/- | 500/- | 19900/- | AGR2627A0055 | AGR2627 SSOB00063 |
| 3. | भोजन | 995000/- | 500/- | 19900/- | AGR2627A0055 | AGR2627 SSOB00064 |
| 4. | लेदर बैग | 995000/- | 500/- | 19900/- | AGR2627A0055 | AGR2627 SSOB00065 |
| 5. | स्टेशनरी | 995000/- | 500/- | 19900/- | AGR2627A0055 | AGR2627 SSOB00066 |

निविदा से संबंधित विवरण एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(रामलाल जाट)
संयुक्त निदेशक कृषि (वि.)
जि.प., जालोर